# उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025

## UTTARAKHAND TEACHER ELIGIBILITY TEST 2025

प्राथमिक (I to V) एवं उच्च प्राथमिक (VI to VIII) कक्षा के शिक्षकों हेतु अध्यापक पात्रता परीक्षा

# सूचना विवरणिका

## UTET-I & II 2025

# INFORMATION BROCHURE

- **Opening Date for Submission of Online Application : 10.07.2025 (11:00 AM)**
- **Last Date for submission of Online Application : 05.08.2025 (11:59 PM)**
- **Last Date for submission of Fee : 07.08.2025 (11:59 PM)**
- **Date For Correction Window Opening : 09.08.2025 to 12.08.2025 (11:59PM)**

**Proposed Date of Examination: 27 September 2025 (Saturday)**

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0 रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड : 244715

फोन नं0: **(05947)- 254275**

email : secy-ubse-uk@nic.in/secyutet@gmail.com

वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in/www.ukutet.com**

## उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) 2025
### (प्राथमिक (I to V) एवं उच्च प्राथमिक (VI to VIII) कक्षा के शिक्षकों हेतु अध्यापक पात्रता परीक्षा)
### मार्गदर्शी सिद्धान्त/सामान्य दिशा निर्देश

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। **ऑनलाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किये गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

### 1. पृष्ठभूमि और आधार

बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 तथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 29 जुलाई 2011 एवं 28 जून 2018 के द्वारा राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/अशासकीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य के नियंत्रणाधीन ऐसे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं निर्धारित की गयी हैं, जिसके अनुसार इन विद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति हेतु शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हताओं के साथ अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

एक शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने हेतु न्यूनतम योग्यता के रूप में अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी0ई0टी0) को शामिल करने का तार्किक आधार इस प्रकार हैः–

- यह शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में गुणवत्ता का राष्ट्रीय स्तर और मानक लाएगा।
- यह शिक्षण संस्थानों व इन संस्थानों के शिक्षक और छात्रों को अपने निष्पादन स्तरों में आगे सुधार के लिए प्रेरित करेगा।
- इससे सभी सम्बन्धित को एक सकारात्मक संकेत जायेगा कि सरकार शिक्षक गुणवत्ता पर विशेष जोर दे रही है।

शासनादेश संख्या : 163(I)/XXIV(1)/2016-15/2011 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 04 मार्च, 2016, शासनादेश संख्या : 867/XXIV(1)/2017-15/2011 टी0सी0–01 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 13 नवम्बर 2017, शासनादेश संख्या : 93/XXIV(1)/2020-15/2011TC शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 19 फरवरी 2020, शासनादेश संख्या : 889/XXIV-A-1/2021-15/2011 Vol-1 शिक्षा अनुभाग–01 (बेसिक) देहरादून दिनांक 28 जून 2021, शासनादेश सं0 146837/XXIV-A-1/2023/59077/2023 बेसिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 16 अगस्त 2023, शासनादेश सं0 209832/XXIV-A-1/2024-70142/2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 09 मई 2024, शासनादेश सं0 214603/XXIV-A-1/2024-69192/2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 30 मई 2024 तथा शासनादेश सं0 312401/XXIV-A-1/2025-69192/2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 08 जुलाई 2025 में वर्णित प्राविधानों के क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय **(UTET I & II) 2025** का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता (प्रथम एवं द्वितीय) परीक्षा **दिनांक 27 सितम्बर, 2025 (शनिवार) को क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक UTET-I तथा अपराह्न 02:00 बजे से 04:30 बजे तक UTET-II राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित है।**

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय **(UTET I & II) 2025** हेतु आवेदन पत्र परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** पर **दिनांक 10 जुलाई, 2025 से ऑनलाइन** (प्रक्रिया हेतु परिशिष्ट : एक देखें) **आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की अन्तिम तिथि 05 अगस्त 2025, रात्रि 11:59 बजे एवं शुल्क ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि 07 अगस्त 2025, रात्रि 11:59 बजे तक है। निर्धारित अंतिम तिथि व समय**

**के बाद आवेदन पत्र/परीक्षा शुल्क किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय से आवेदन कर दें।

2. <u>उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए न्यूनतम अर्हता</u> :–

2.1. उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम **UTET-I** ( **I-V** प्राथमिक शिक्षकों हेतु ) के लिए न्यूनतम अर्हता :–

**(i)** न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (डी0एल0एड0/बी0टी0सी0),

**या**

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (डी0एल0एड0/बी0टी0सी0), जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानक और क्रियाविधि) विनियम 2002 के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

**या**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं 4 वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी0एल0एड0)।

**या**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् (RCI) द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा शास्त्र (विशेष शिक्षा) (डी0एड0) में द्विवर्षीय डिप्लोमा।

**अथवा**

स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) तथा प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (डी0एल0एड0/बी0टी0सी0)।

**(ii)** राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में मानदेय पर कार्यरत ऐसे शिक्षामित्र जिन्होंने राज्य सरकार की अनुमति के पश्चात् इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय **(IGNOU)** से दो वर्षीय डी०एल०एड० प्रशिक्षण उत्तीर्ण कर लिया है।

टिप्पणी :

- एक वर्षीय डिग्री प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रशिक्षणरत अथवा दो वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा चार वर्षीय डिग्री में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम **में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे/प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके अभ्यर्थी भी अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 हेतु अर्ह होंगे।**

- **समस्त शैक्षिक उपाधियाँ भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से प्राप्त की गयी हों। प्रशिक्षण उपाधियां एन०सी०टी०ई० द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से प्राप्त की गयी हों अथवा प्राप्त की जा रही हों।**

- आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विकलांग) के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर प्राप्तांकों में 05 प्रतिशत की शिथिलता प्रदान की जायेगी।

- उच्चतर माध्यमिक/स्नातक/प्रशिक्षण योग्यता के प्रतिशत की गणना **राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड और क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रियानुसार की जायेगी।**

2.2. उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा द्वितीय **UTET-II (VI-VIII** उच्च प्राथमिक शिक्षकों हेतु) के लिये न्यूनतम अर्हता :–

स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) और प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (बी0टी0सी0/डी0एल0एड0) उत्तीर्ण।

**अथवा**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) एवं शिक्षाशास्त्र में एक वर्षीय स्नातक बी0एड0/एल0टी0/शिक्षा शास्त्री (केवल संस्थागत) उत्तीर्ण।

**अथवा**

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) एवं शिक्षाशास्त्र में एक वर्षीय स्नातक बी0एड0/एल0टी0/शिक्षा शास्त्री (केवल संस्थागत) जो इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड तथा क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

**अथवा**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं 4 वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी0एल0एड0)।

**अथवा**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (अथवा इसके समकक्ष) एवं 4 वर्षीय बी0ए0/बी0एससी0एड0 या बी०ए०एड०/बी0एससी0एड0।

**अथवा**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) तथा भारतीय पुनर्वास परिषद् (RCI) द्वारा मान्यता प्राप्त बी0एड0 (विशेष शिक्षा) उत्तीर्ण।

**अथवा**

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक या स्नातकोत्तर तथा बी0एड0 उत्तीर्ण, परंतु यह कि स्नातक स्तर पर अंकों की न्यूनतम प्रतिशत की शर्त उन पदधारियों के मामले में लागू नहीं होगी जिन्होने शिक्षा में स्नातक अथवा प्राथमिक शिक्षा में स्नातक अथवा समतुल्य पाठ्यक्रम में 29 जुलाई 2011 से पहले दाखिला ले लिया था।

टिप्पणी :

- एक वर्षीय डिग्री प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रशिक्षणरत अथवा दो वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा चार वर्षीय डिग्री प्रशिक्षण पाठ्यक्रम **में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे/प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके अभ्यर्थी भी अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 हेतु अर्ह होंगे।**

- **समस्त शैक्षिक उपाधियां भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से प्राप्त की गयी हों। प्रशिक्षण उपाधियां एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से प्राप्त की गयी हों अथवा प्राप्त की जा रही हों।**

- आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनु0जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विकलांग) के अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर प्राप्तांकों में 5 प्रतिशत की शिथिलता प्रदान की जायेगी।

- **उच्चतर माध्यमिक/स्नातक/प्रशिक्षण योग्यता के प्रतिशत की गणना राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड और क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रियानुसार की जायेगी।**

ऐसे अभ्यर्थी जो दो वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अथवा चार वर्षीय डिग्री प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हों अथवा प्रवेश ले चुके हों, को परीक्षा में अनन्तिम रूप से प्रवेश दिया जायेगा और उनका यू0टी0ई0टी0 प्रमाण पत्र उक्त परीक्षाओं के उत्तीर्ण करने पर ही वैध होगा।

यू0टी0ई0टी0 प्रथम एवं द्वितीय के आवेदन पत्र में **शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता कोड** अंकित करने के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण **परिशिष्ट : दो एवं तीन** में दिया गया है।

3. अध्यापक पात्रता परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–

**I.** राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा **(UTET)** द्विस्तरीय है। अभ्यर्थी एक समय में किसी एक परीक्षा या दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकता है। दोनों **(UTET I & II)** स्तर की परीक्षायें एक ही दिन दो पालियों में आयोजित की जायेंगी। यदि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की दोनों **(UTET I & II)** परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहता है तो इसके लिये **एक ही आवेदन पत्र भरना होगा**। इसकी स्पष्ट अंकना आवेदन पत्र पर यथा निर्दिष्ट स्थान पर करनी होगी।

**II.** अध्यापक पात्रता परीक्षा **बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित** होगी। **प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।** किसी भी प्रश्न के उत्तर में ऋणात्मक अंक नहीं दिया जायेगा। **परीक्षा अवधि 02 घण्टा 30 मिनट** की होगी तथा प्रश्नों की संख्या 150 होगी। भाषा के प्रश्नपत्रों के अलावा अन्य प्रश्नपत्र द्विभाषिक अर्थात हिन्दी तथा अंग्रेजी में मुद्रित किये जायेंगे। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :–

प्राथमिक स्तर **(I-V)** का पाठ्यक्रम **(UTET-I)** :

| क्र०सं० | विषय (सभी अनिवार्य) | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाल विकास एवं पैडागॉजी | 30 | 30 |
| 2 | प्रथम भाषा | 30 | 30 |
| 3 | द्वितीय भाषा | 30 | 30 |
| 4 | गणित | 30 | 30 |
| 5 | पर्यावरण अध्ययन | 30 | 30 |
| **योग** | | **150** | **150** |

उच्च प्राथमिक स्तर **(VI-VIII)** का पाठ्यक्रम **(UTET-II)**:

| क्र०सं० | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाल विकास एवं पैडागॉजी | 30 | 30 |
| 2 | प्रथम भाषा | 30 | 30 |
| 3 | द्वितीय भाषा | 30 | 30 |
| 4 | **(a)** गणित / विज्ञान के शिक्षक के लिए– **गणित एवं विज्ञान**<br>**(b)** सामाजिक अध्ययन के शिक्षकों के लिए– **सामाजिक अध्ययन**<br>**(c)** अन्य शिक्षकों के लिए–<br>(4a अथवा 4b में से एक) | 60 | 60 |
| **योग** | | **150** | **150** |

- अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में प्रथम चयनित भाषा एवं द्वितीय चयनित भाषा का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।
- प्रथम भाषा, जो अध्यापन की भाषा होगी के रूप में अभ्यर्थी को **हिन्दी एवं अंग्रेजी में से किसी एक** भाषा का चयन करना होगा तथा उक्त भाषा के प्रश्नपत्र का स्तर द्वितीय चयनित भाषा से उच्चतर होगा। **द्वितीय भाषा के रूप में अभ्यर्थी को हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू में से किसी एक** भाषा का **चयन करना होगा जो कि प्रथम चयनित** भाषा से भिन्न होगी।
- यू0टी0ई0टी0 द्वितीय के लिये **गणित एवं विज्ञान अथवा सामाजिक अध्ययन में से किसी एक विषय का चयन करना होगा।**

4. न्यूनतम अर्हता अंक :–

- अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक 60 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्त अभ्यर्थियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित तथा भूतपूर्व सैनिक (स्वयं) वर्ग के अभ्यर्थी हेतु न्यूनतम उत्तीर्णांक 50 प्रतिशत होंगे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी यदि दिव्यांग श्रेणी में भी हों, तो ऐसे अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 प्रतिशत होगा। अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी का नियुक्ति/चयन हेतु दावा/अधिकार नहीं होगा, क्योंकि यह परीक्षा नियुक्ति/चयन हेतु निर्धारित अर्हताओं में से मात्र एक अनिवार्य अर्हता है। **शिक्षकों की नियुक्ति/चयन राज्य सरकार की संगत अध्यापक सेवा नियमावली तथा समय–समय पर जारी नियम/निर्देश के अन्तर्गत ही किया जायेगा।**

5. अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजन हेतु अधिकृत संस्था :–

- राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल द्वारा किया जायेगा। परीक्षा आयोजन से लेकर परिणाम घोषित करने तक के समस्त कार्य परिषद् द्वारा ही सम्पादित किये जायेंगे। परिषद् अध्यापक पात्रता परीक्षा के संचालन हेतु विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित करेगी।

6. अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र की उपाधि :–

- उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल अध्यापक पात्रता परीक्षा में सफल (अर्ह) सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करेगी, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम, जन्मतिथि, पंजीकरण संख्या/अनुक्रमांक, प्रशिक्षण योग्यता के अतिरिक्त प्रत्येक प्रश्नपत्र में प्राप्त अंकों का विवरण अनिवार्य रूप से अंकित होगा।
- परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को अंकपत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

7. अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु अवसर :–

- अध्यापक पात्रता परीक्षा में कोई भी अभ्यर्थी एक या एक से अधिक बार सम्मिलित हो सकता है। इसके अतिरिक्त अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने अंक सुधारने हेतु भी इस अध्यापक पात्रता परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।
- **अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रमाण पत्र की वैधता अवधि** आजीवन होगी।
- अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है।

8. अध्यापक पात्रता परीक्षा की उपयुक्तता :–

**i.** केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित केन्द्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी राज्य के सभी प्रकार के विद्यालयों में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे तथा आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्त हेतु उत्तीर्णांक राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा (UTET) के समतुल्य समझे जायेंगे।

**ii.** राज्य सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (UTET) में उत्तीर्ण अभ्यर्थी राज्य के अन्तर्गत संचालित ऐसे सभी विद्यालयों में, जो राज्य सरकार के अधीन हो/राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हो/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो/किसी भी राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध हो, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित योग्यताओं/शर्तों को पूर्ण करते हों, नियुक्ति हेतु पात्र होंगे।

iii. अन्य राज्यों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य में नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे।

9. <u>अध्यापक पात्रता परीक्षा शुल्क</u> :–

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (UTET) हेतु शुल्क की दरें निम्नवत् होंगीः–

**i.** सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी हेतु :–

- **a.** ₹ 600.00 (**UTET-I/ UTET-II** में से किसी एक परीक्षा हेतु)
- **b.** ₹ 1000.00 (**UTET-I** एवं **UTET-II** दोनों परीक्षाओं हेतु)

**ii.** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त अभ्यर्थी हेतु :–

- **a.** ₹ 300.00 (**UTET-I/ UTET-II** में से किसी एक परीक्षा हेतु)
- **b.** ₹ 500.00 (**UTET-I** एवं **UTET-II** दोनों परीक्षाओं हेतु)

**10. अध्यापक पात्रता परीक्षा के सम्बन्ध में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा समय–समय पर जारी किये गये/किये जाने वाले समस्त दिशा–निर्देश स्वतः ही राज्य में लागू हो जायेंगे।**

11. <u>आवेदन पत्र से सम्बन्धित जानकारी</u> :–

- अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित वेबसाइट पर विवरणिका में दिये गये निर्देशानुसार ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे।
- आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि/समय के बाद किसी भी दशा में कोई आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा और न ही अंतिम तिथि के पश्चात परीक्षा शुल्क स्वीकार किया जायेगा।
- **परीक्षा हेतु जमा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।**
- परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड /क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/नैटबैंकिंग द्वारा किया जायेगा। **शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करते समय निर्देशों का पालन पूरी गंभीरता से करें, एक से अधिक बार शुल्क जमा होने के लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा, किसी भी दशा में जमा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।**

12. <u>लिखित परीक्षा केन्द्र</u> :–

- लिखित परीक्षा हेतु राज्य के सभी 13 जनपदों के 29 शहरों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट : चार** में दिया गया है। परीक्षा केन्द्र हेतु इच्छित परीक्षा शहर का नाम एवं कोड का उल्लेख आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अवश्य करें। **एक बार परीक्षा केन्द्र आवंटन हो जाने के पश्चात् उसमें किसी भी बदलाव हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
- परीक्षा के लिए वरीयता के अनुसार चयनित दो शहरों के विकल्प दिये जाने आवश्यक हैं। परीक्षा संस्था द्वारा परीक्षा शहर में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है। किसी परीक्षा शहर में 100 से कम आवेदक (परीक्षार्थी) होने की दशा में उस परीक्षा शहर में परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जाएगा। **ऐसी स्थिति में आवेदक को द्वितीय वरीयता वाले परीक्षा शहर अथवा यथासंभव निकटतम शहर में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा।**
- उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

13. लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र :–

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की अधिकृत विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। **डाक द्वारा प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जाएंगे, सभी अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र वेबसाइट से डाउनलोड करेंगे।** वेबसाइट पर प्रवेश–पत्र अपलोड होने पर इसकी सूचना यथा समय समाचार–पत्रों एवं एस0एम0एस0 / मेल के माध्यम से अभ्यर्थियों को दे दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परिषद् की अधिकृत विभागीय वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** एवं **www.ukutet.com** आइकन का समय–समय पर अवलोकन करते रहें। **प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्यतः किया जायेगा।**

14. परीक्षा कक्ष में प्रवेश :–

- परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी को केवल **परीक्षा प्रवेश पत्र** (एडमिट कार्ड), नीला / काला **बॉलपेन** एवं **फोटोयुक्त पहचान पत्र** (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट, पैन कार्ड में से कोई एक जो आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) ले जाने की अनुमति होगी।
- परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट बाद किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा समाप्ति से पूर्व किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ कर जाने की अनुमति नहीं होगी।
- **अभ्यर्थी के पास अन्य सामग्री जैसे सामान्य कैलकुलेटर, लॉगटेबिल, साइंटिफिक कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, डिजिटल घड़ी या किसी अन्य प्रकार के** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (गैजेट), **मुद्रित या हस्तलिखित सामग्री, सादा कागज (पेपर) आदि पाये जाते हैं तो अभ्यर्थी का प्रकरण अनुचित साधन के प्रयोग (UFM) में दर्ज किया जायेगा।** परीक्षा में नकल करने अथवा नकल कराने में सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

15. परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति :–

- परीक्षाओं में ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का प्रयोग किया जाता है। परीक्षाओं में केवल बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। इनमें से **एक ही उत्तर सही / सबसे उपयुक्त उत्तर** होगा।
- प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर एक अंक एवं गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने अथवा त्रुटिपूर्ण ढंग से उत्तर अंकित करने पर शून्य (Zero) अंक प्रदान किया जायेगा। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किए जाएंगे उनके लिये भी शून्य (Zero) अंक प्रदान किये जाएंगे। किसी भी प्रश्न के गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंक (Negative Mark) नहीं दिये जाएंगे।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने, प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) अंकित न करने, भाषा विकल्प / यू0टी0ई0टी0 द्वितीय में विषय (विज्ञान / गणित अथवा सामाजिक विज्ञान) विकल्प के गोले काले न करने की स्थिति में उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं OMR उत्तर पत्रक में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका अनुपालन करें।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में अंकित सूचनाओं यथा प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) / भाषा विकल्प / यू0टी0ई0टी0 द्वितीय में विषय

(विज्ञान / गणित अथवा सामाजिक विज्ञान) विकल्प पर भरे गये गोले के आधार पर ही उसका मूल्यांकन किया जायेगा। इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका अनुसरण करें।

16. <u>दावा / आपत्ति निराकरण</u> :–

- परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परिषद् द्वारा औपबन्धिक उत्तर–कुंजी (Provisional Answer Key) परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है। यदि किसी परीक्षार्थी को परिषद् द्वारा जारी औपबन्धिक उत्तर–कुंजी (Provisional Answer Key) के किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर **निर्धारित प्रारूप में सप्रमाण दावा / आपत्ति केवल ई–मेल के माध्यम से (secyutet@gmail.com)** पर प्रेषित किया जा सकेगा।
- **प्रत्येक प्रश्न का दावा / आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा।** कितने भी प्रश्नों पर दावा / आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करने पर उन पर विचार किया जायेगा। **एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा / आपत्ति प्रस्तुत करने अथवा बिना प्रमाण अथवा निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा उसे अमान्य किया जायेगा।**
- प्राप्त दावा / आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर निराकरण किया जाता है। दावा / आपत्ति सही पाये जाने पर उत्तर–कुंजी (Answer Key) में तद्नुसार आवश्यक संशोधन या निरसन करने के पश्चात अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जाती है, जिसे परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है तथा उसी के आधार पर उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन किया जाता है।
- **परिषद् द्वारा जारी अंतिम उत्तर कुंजी पर किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।**

17. <u>परीक्षाफल की घोषणा</u> :–

परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की सावधानीपूर्वक जांच के उपरान्त परिषद् द्वारा नियत अवधि के अन्दर परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा। परीक्षा परिणाम परिषद् की वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in/www.ukutet.com** पर प्रदर्शित किया जायेगा तथा आवेदकों को समाचार पत्रों के माध्यम से परीक्षाफल के घोषित होने की सूचना दी जायेगी। **समस्त सफल (अर्ह) आवेदकों को प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र भी पंजीकृत डाक के माध्यम से निर्गत किया जायेगा।**

18. <u>पुनर्गणना / पुनर्मूल्यांकन</u> :–

- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन (स्कैनिंग) मशीन से किया जाता है, अतः ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की पुनर्गणना / पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है। **अतः पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना** (Re-assessment/Re-counting) **हेतु कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
- परिषद् परीक्षा में प्रयुक्त प्रश्न पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की कार्बन प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति प्रदान करती है।

19. <u>पात्रता प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने की प्रक्रिया</u> :–

- अभ्यर्थी, **₹ 150.00 (रूपये एक सौ पचास) का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् के पदनाम से रामनगर शाखा पर देय हो**, को परिषद् कार्यालय में जमा कर **प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र** की द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकता है।
- प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र के नष्ट होने/खो जाने/खराब होने/कट–फट जाने अथवा अभ्यर्थी के नाम, पिता के नाम अथवा माता के नाम में यदि कोई गलत प्रविष्टि किसी अविचारित लिपिकीय भूल व वर्तनी की त्रुटि हो तो प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र में परिषद् द्वारा निर्धारित विनियमों के आलोक में नियमानुसार संशोधन किया जा सकेगा।
- प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र में अभ्यर्थी के फोटो, वर्ग (जाति)/उपवर्ग एवं प्रशिक्षण अर्हता (जिसके आधार पर परीक्षा में सम्मिलित हुआ है) में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन नहीं किया जायेगा, अतः अभ्यर्थी इन्हें सावधानीपूर्वक भरें।
- प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित पत्रजात प्रस्तुत करने होंगे –
  - ✓ प्रार्थनापत्र।
  - ✓ हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छाया प्रति।
  - ✓ ₹ 10.00 (दस मात्र) के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र–मूल रूप में।
  - ✓ खराब होने/कट–फट जाने एवं संशोधित करवाये जाने की स्थिति में परिषद् द्वारा पूर्व में जारी मूल प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र ।
  - ✓ निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट मूल रूप में।
  - ✓ प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र खोने/नष्ट होने की स्थिति में समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञप्ति की प्रति।

20. <u>परीक्षा संबंधी अभिलेखों का रख–रखाव एवं विनिष्टीकरण</u> :–

ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) सहित उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 के अभिलेख यथा उपस्थिति/सत्यापन प्रपत्र आदि (हार्ड अथवा सॉफ्ट अथवा दोनों) परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से छः माह की अवधि तक संरक्षित रखे जायेंगे एवं तत्पश्चात इन्हें विनिष्ट (वीड–आउट) कर दिया जायेगा।

21. <u>अभ्यर्थियों के लिए अन्य आवश्यक निर्देश</u> :–

**i.** अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम अथवा द्वितीय (UTET-I or UTET-II) 2025 अथवा दोनों परीक्षाओं हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। **अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें।**

**ii.** आवेदन करने से पूर्व निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें तथा उसी के अनुसार आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र में कोई त्रुटि होने की स्थिति में **त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल दिनांक 09 अगस्त 2025 से 12 अगस्त 2025 तक खोला जायेगा।** इसके उपरान्त **आवेदन पत्र में कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा के पूर्व या परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार संबंधी कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**iii.** अभ्यर्थी अपनी आरक्षण श्रेणी/वर्ग/उपवर्ग/प्राप्तांक/अर्हता कोड एवं अन्य अधिमानों की सही जानकारी आवेदन पत्र में यथोचित स्थान पर दें। **आवेदन पत्र में दी गई गलत जानकारी या गलत आरक्षण श्रेणी/वर्ग/उप वर्ग/प्राप्तांक/अर्हता कोड भरने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा और ऐसी**

स्थिति में उसका अभ्यर्थन/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

**iv.** **विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि के पूर्व अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षिक, प्रशिक्षण अर्हताएं एवं आरक्षण सम्बन्धी अर्हता पूर्ण करता हो। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के पश्चात् अर्जित शैक्षिक, प्रशिक्षण अर्हताओं एवं आरक्षण संबंधी अर्हता पर विचार नहीं किया जायेगा।**

**v.** दृष्टिहीन (Blindness), चलन बाधित (Locomotor-Disability) तथा सेरेब्रल पाल्सी (Cerebral Palsy) के अंतर्गत आने वाले आवेदकों (विशेष परिस्थितियों में पठन एवं लेखन क्षमता प्रभावित होने पर अन्य भी) को श्रुतलेखक (लेखन सहायक) की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

**vi.** **दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले ऐसे आवेदक, जिन्हें श्रुतलेखक की आवश्यकता होगी उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक की आवश्यकता का अनिवार्यतः उल्लेख करना होगा।** (विस्तृत जानकारी हेतु **परिशिष्ट : पॉच एवं छः देखें**)

**vii.** दिव्यांग अभ्यर्थी द्वारा स्वयं श्रुतलेखक की व्यवस्था की जाएगी तथा अभ्यर्थी को **परीक्षा की तिथि से 15 दिन पूर्व परिशिष्ट–5(I)** की प्रति, श्रुतलेखक से संबंधित **परिशिष्ट–5(II)** की प्रति, **परिशिष्ट–छः** की प्रति एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो परिषद् कार्यालय में अनिवार्यतः उपलब्ध करानी होंगी अन्यथा उन्हें श्रुतलेखक की सुविधा का लाभ प्रदान किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**viii.** **श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता उक्त परीक्षा की अनिवार्य शैक्षिक योग्यता से एक स्तर कम अर्थात् इण्टरमीडिएट स्तर की होगी** किंतु किसी भी दशा में हाईस्कूल से न्यून नही होगी।

**ix.** अभ्यर्थी सुनिश्चित हों लें कि उनकी **वाँछित शैक्षिक उपाधियाँ भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से प्राप्त की गयी हों एवं प्रशिक्षण उपाधियां एन०सी०टी०ई० द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से प्राप्त की गयी हों अथवा प्राप्त की जा रही हों। शैक्षिक/प्रशिक्षण उपाधियाँ गैर मान्य संस्थाओं से होने की स्थिति में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती हैं। ऐसी स्थिति में वह स्वयं उत्तरदायी होगा।**

**x.** अभ्यर्थी में ऐसी कोई शारीरिक, मानसिक अक्षमता न हो जिससे अध्यापन कार्य बाधित होता हो।

**xi.** उक्त **परीक्षा में अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदनपत्र में दिये गये विवरणों/जानकारियों के आधार पर सम्मिलित कराया जा रहा है तथा उनका अभ्यर्थन नितान्त औपबंधिक है।** नियुक्ति से पूर्व, नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी अर्हता का सत्यापन करेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थी का अन्य कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**xii.** **अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण संख्या/आई0डी0 एवं अनुक्रमांक अपने पास सुरक्षित रखें** तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा संस्था से किये जाने वाले समस्त पत्राचार में उक्त पंजीकरण संख्या/अनुक्रमांक का उल्लेख अवश्य करें।

**xiii.** अभ्यर्थी को अपना आवेदन पत्र स्वयं भरना होगा। आवेदक अपना नवीनतम फोटो अपलोड करें एवं हस्ताक्षर, के नमूने सभी स्थानों पर एक ही प्रकार के होने चाहिये।

**xiv.** **अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर अंकित करें जिससे कि अभ्यर्थी को आवश्यक सूचनायें एस0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जा सकें।**

**xv.** **परीक्षा से संबंधित प्रस्तावित तिथियों/कार्यक्रमों में परिषद् द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है,** यदि ऐसा होता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों एवं विभागीय वेबसाइट के माध्यम से अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायी जायेगी। **अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समाचार–पत्रों एवं समय–समय पर विभाग की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** एवं **www.ukutet.com** का **अवलोकन करते रहें।**

**xvi.** **परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के बचाव/रोकथाम संबंधी समस्त दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।**

**xvii.** उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा से संबन्धित किसी भी वाद हेतु न्यायालयी क्षेत्राधिकार रामनगर (नैनीताल) होगा।

**xviii.** परिषद् के साथ पत्र–व्यवहार हेतु पता निम्नवत है –

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
(टी0ई0टी0 अनुभाग)
पो0ऑ0 वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल),उत्तराखण्ड पिन : 244715
**SECRETARY,**
**BOARD OF SCHOOL EDUCATION UTTARAKHAND,**
**(TET Section)**
**PO VSP Ramnagar (Nainital), Uttarakhand, PIN : 244715.**

**xix.** किसी भी जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते हैं–

- फोन नं0: **(05947)-254275**
- **E-mail :**
  - ✓ **secy-ubse-uk@nic.in**
  - ✓ **secyutet@gmail.com**
- वेबसाइट :
  - ✓ **www.ubse.uk.gov.in**
  - ✓ **www.ukutet.com**

परीक्षा संबंधी जानकारी हेतु परिषद् के निम्न अधिकारियों/कार्मिकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं–

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | पद नाम | मोबाइल नम्बर | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बी0एम0एस0 रावत | अपर सचिव | 8755617431 | नोडल अधिकारी, UTET परीक्षा |
| 2 | श्रीमती सुषमा गौरव | उप सचिव | 7830502277 | अनुभाग अधिकारी, UTET अनुभाग |
| 3 | श्री आलोक रावत | मु0प्रशा0अधि0 | 9897716628 | |
| 4 | श्री शैलेन्द्र जोशी | शोध अधिकारी | 7055513072 | |
| 5 | श्री कृपा शंकर पाण्डेय | शोध अधिकारी | 9452542346 | |
| 6 | श्रीमती दीपा पाण्डे | व0प्रशा0अधि0 | 7088079488 | |
| 7 | श्री सत्यपाल सिंह चौहान | वरि0 सहायक | 9760369548 | |

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

## परिशिष्ट : एक

# उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (UTET) 2025
## ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश

आवेदक सर्वप्रथम वेबसाइट **www.ukutet.com** पर **DOWNLOAD INFORMATION BROCHURE** पर क्लिक कर ***"उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) : सूचना विवरणिका 2025 : INFORMATION BROCHURE 2025"*** को डाउनलोड कर उसमें दिये गये निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें। दिये गये ब्लैंक (BLANK) आवेदनपत्र प्रारूप के प्रिन्ट आउट पर अपने अभिलेखों के अनुसार सूचनाएं सही–सही भर लें ताकि ऑनलाइन फार्म भरते समय सरलता से कम समय में फार्म त्रुटिरहित भरा जा सके। **एक मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर एक ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा।**

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II)-2025 आवेदन प्रक्रिया के लिए सर्वप्रथम आवेदक वेबसाइट **www.ukutet.com** पर **How to Apply Online/ऑनलाइन आवेदन कैसे करें** पर क्लिक करें। पेज खुलने पर दिये गये दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

नये आवेदक **New Applicant? (Click here)** इस पेज पर **Register New/नया पंजीकरण करें** पर क्लिक करें। पेज खुलने पर दिये गये दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। पेज के अंत में नियत स्थान पर टिक (नियम एवं शर्तें स्वीकार) कर **Proceed to Registration** पर क्लिक करें। पंजीकरण पेज खुल जायेगा।


**:: महत्वपूर्ण निर्देश ::**

ऑनलाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियां अंग्रेजी **(English)** भाषा के कैपिटल लेटर में भरी जायेंगी। प्रविष्टियां भरने में स्पेशल कैरेक्टर **(@,#,$,%,^,&,*,(),_,+,.,** इत्यादि) का प्रयोग नहीं किया जायेगा। **शुल्क भुगतान के उपरांत ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रविष्टि में संशोधन नहीं होगा।** अतः आवेदक सावधानीपूर्वक प्रविष्टियों की अंकना करें, क्योंकि उसके बाद कोई संशोधन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा।


1. **ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न चरणों में विभाजित है –**

   **सर्वप्रथम ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करना** : इस चरण में आवेदक **Register Now** पर क्लिक कर पेज के अंत में नियत स्थान पर टिक (नियम एवं शर्तें स्वीकार) कर **Proceed to Ragistration** पर क्लिक करेगा। नया पेज खुलने पर पेज पर निर्धारित स्थान पर अपना नाम, पिता का नाम, मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. अंकित कर अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करेगा।




उक्त विवरण अंकित करने के उपरांत सूचना **Submit** करने पर अभ्यर्थी को उनके मेल/मोबाइल नम्बर पर एक ओ0टी0पी0 प्राप्त होगा, जिसे वह निर्धारित स्थान पर भर कर **Verify OTP** पर क्लिक करेगा।





उक्त के बाद निम्नवत सूचना पेज पर डिस्प्ले होगी, आवेदक को **Verify OTP** पर क्लिक करना होगा।




अभ्यर्थी को उनके मेल/मोबाइल नम्बर पर एक रजिस्ट्रेशन नम्बर व पासवर्ड प्राप्त होगा, जिसकी सहायता से वह ऑनलाइन प्रक्रिया के अगले चरणों को पूरा करेगा। अभ्यर्थी **Application Login** पेज पर अपनी लॉग इन आई0डी0 (मोबाइल/मेल पर प्राप्त) एवं पासवर्ड अंकित कर **Login** करेगा।





2. आवेदक द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरना **(Step :1)** –




- **Log In** करने पर निम्नवत **Applicant's Page** पेज खुलेगा।

- उक्त पेज पर **Apply for U-TET 2025** पर **Click** करने पर निम्नवत आवेदन पत्र खुलेगा।


MY PROFILE
2500004
XYZ
MY HOME PAGE
CHANGE PASSWORD
LOG OUT

New Application

1. Application Form | 2. Upload Photo | 3. Preview | 4. Payment

1. Application for (आवेदन): ○ UTET-I ○ UTET-II ○ Both UTET-I & II
2. Applicant's Name (अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम): XYZ
3. Mobile No. (मोबाइल नं.): 9458357076
4. Email ID (ईमेल): namita.hgsbhimtal@gmail.com
5. Gender (लिंग): --Select--
6. Date of Birth (dd/mm/yyyy) (जन्मतिथि)
7. Father's Name (पिता का नाम): ABC
8. Mother's Name (माता का नाम)
9. Husband Name (विवाहित महिला के पति का नाम)
10. Home District (गृह जनपद): --Select--
11. Category (वर्ग): --Select--
12. Sub Category (उपवर्ग): --Select--
13. PH YES or No (दिव्यांग है/नहीं है, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले ही YES अंकित करें): --Select--
14. नि:शक्तता (दिव्यांगता) का प्रकार: --Not Applicable--
15. Scribe Required (श्रुतलेखक की आवश्यकता): --Select--
16. First Language (प्रथम भाषा): --Select--
17. Second Language (द्वितीय भाषा (प्रथम भाषा से भिन्न)): --Select--
18. Subject Code for UTET II(विषय वर्ग केवल यू.टी.ई.टी. द्वितीय के लिए): ○ MATHS / SCIENCE ○ SOCIAL STUDIES

यू.टी.ई.टी. प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता का विवरण
19. Training (प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता): --Select--
20. Training Status (प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति): ○ PASSED ○ IN TRAINING ○ ENROLLED
21. Training Year (प्रशिक्षण योग्यता का वर्ष/ प्रवेश का वर्ष): --Select--

यू.टी.ई.टी. द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता का विवरण
22. Training (प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता): --Select--
23. Training Status (प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति): ○ PASSED ○ IN TRAINING ○ ENROLLED
24. Training Year (प्रशिक्षण योग्यता का वर्ष / प्रवेश का वर्ष): --Select--
25. Eligibility Code for UTET - I (यू.टी.ई.टी. प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता)(Click for Eligibility Code) (परिशिष्ट-2 के अनुसार भरें): --Select--
26. Eligibility Code for UTET - II (यू.टी.ई.टी. द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता)(Click for Eligibility Code) (परिशिष्ट-2 के अनुसार भरें): --Select--
27. Exam City 1st (परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु वांछित प्रथम शहर): --Select--
28. Exam City 2nd (परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु वांछित द्वितीय शहर): --Select--
29. Complete Mailing Address(पत्र व्यवहार का पूर्ण पता)
30. State (प्रदेश): --Select--
31. District (जनपद): --Select--
32. PIN Code (पिन कोड)
33. Identity Proof (पहचान पत्र): --Select--
34. Identity Proof No. (पहचान पत्र संख्या)
Save & Next

आवेदक सर्वप्रथम आवेदन पत्र **(1. Application Form)** पर समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण सावधानी के साथ सही–2 भरेगा।

- आवेदन पत्र में सभी सूचनाएं अनिवार्यतः अंकित की जानी है। उनकी अंकना के बिना आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।
- जिन सूचनाओं के आगे चयन **(Select)** का बॉक्स बना है, उस बॉक्स को **Click** करने पर जो **Option** दिखायी देंगे, उनमें से किसी एक का चयन **(Select)** करना है।
- आवेदन पत्र में आवेदक (अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी) का नाम, पिता का नाम, ई–मेल आई.डी. एवं मोबाइल नम्बर की अंकना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) से स्वतः ही आवेदन पत्र में हो जायेगी।
- परीक्षा का नाम जिसमें आप सम्मिलित होना चाहते हैं : इस कॉलम में आवेदक अध्यापक पात्रता परीक्षा के जिस स्तर हेतु आवेदन करना चाहता है, उसका चयन **(Select)** करना होगा। आवेदक अपनी शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यतानुसार प्राथमिक स्तर **(UTET-I)** एवं उच्च प्राथमिक स्तर **(UTET-II)** में से किसी एक अथवा दोनों ही **(BOTH, UTET I & II)** स्तर का चयन कर सकता है। यदि आवेदक एक से अधिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा हेतु आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग से पुनः पंजीकरण नहीं करना होगा।
- लिंग : इस कॉलम में आवेदक अपना लिंग **(MALE/ FEMALE/TRANSGENDER)** अंकित करेगा।
- जन्मतिथि : इस कॉलम में आवेदक अपनी जन्मतिथि (अपने हाईस्कूल प्रमाणपत्र के अनुसार) अंकित करेगा।
- आवेदक निर्धारित कॉलम में अपनी माता का नाम अंकित करेगा। विवाहित महिला की स्थिति में अभ्यर्थिनी अपने पति का नाम अंकित कर सकती है। किसी भी नाम के आगे Km./Mr./Mrs/Shri/Smt./Dr. आदि अंकित न करें।
- गृह जनपद का नाम : आवेदक को दिये गये जनपदों में से अपने गृह जनपद (मूल/स्थाई निवास) का चयन **(Select)** करना होगा।
- वर्ग (जाति) : इस कॉलम में आवेदक अपना वर्ग (जाति) अंकित करेगा। दिये गये विकल्पों **(GEN/OBC/SC/ST)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करने की दशा में आवेदक को परिषद् द्वारा मांगे जाने पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि से पूर्व निर्गत सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उप वर्ग – इस कॉलम में आवेदक द्वारा उपवर्ग (यदि कोई हो तो) अंकित किया जायेगा। दिये गये विकल्पों **(DFF/ EX-SERVICEMAN (Self)/NONE)** में से कोई एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। आवेदक को परिषद् द्वारा मांगे जाने पर ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि से पूर्व निर्गत सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लागू न होने की स्थिति में **NONE** अंकित करेगा। **भूतपूर्व सैनिक आश्रित की स्थिति में आवेदक NONE अंकित करेंगे।**
- दिव्यांग हैं/नहीं हैं : इस कॉलम में यदि आवेदक **40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्त (दिव्यांग) हैं तो हाँ (YES)** अंकित करें, अन्यथा **नहीं (NO)** अंकित करें। (दिव्यांगता) में हाँ (Yes) अंकित करने की दशा में आवेदक को परिषद् द्वारा मांगे जाने पर सम्बन्धित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

- **दिव्यांगता का प्रकार :** यदि आवेदक द्वारा दिव्यांगता की स्थिति में हाँ **(YES)** अंकित किया गया हो तो अपनी दिव्यांगता के प्रकार को दिये गये विकल्पों **(VI/HI/ORTHO LOCOMOTOR/OTHER)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- **श्रुतलेखक की आवश्यकता है/नहीं है :** इस कॉलम में, यदि **दिव्यांग अभ्यर्थी** को **श्रुतलेखक की आवश्यकता है तो हाँ (YES) अंकित** करें, अन्यथा **नहीं (NO)** अंकित करें। ऐसे आवेदकों को **परीक्षा तिथि से 15 दिन पूर्व परिशिष्ट–5 (I)** की प्रति, श्रुतलेखक से संबंधित **परिशिष्ट–5 (II)** की प्रति, **परिशिष्ट–छः** की प्रति एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो को परिषद् कार्यालय में अनिवार्यतः उपलब्ध करानी होंगी अन्यथा उन्हें श्रुतलेखक की सुविधा का लाभ प्रदान करना सम्भव नहीं होगा।
- **प्रथम भाषा :** इस कॉलम में आवेदक द्वारा परीक्षा हेतु प्रथम भाषा को अंकित किया जायेगा। आवेदक को दिये गये विकल्पों **(HINDI or ENGLISH)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- **द्वितीय भाषा :** इस कॉलम में आवेदक द्वारा परीक्षा हेतु द्वितीय भाषा को अंकित किया जायेगा। आवेदक को दिये गये विकल्पों **(HINDI or ENGLISH or SANSKRIT or URDU)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। किन्तु ध्यान रहे कि जिस भाषा का चयन प्रथम भाषा के रूप में कर लिया गया है उसे द्वितीय भाषा के रूप में चयनित नहीं किया जाएगा।
- **विषय वर्ग :** इस कॉलम में उच्च प्राथमिक स्तर यू0टी0ई0टी0 **(UTET-II)** हेतु आवेदन करने वाले आवेदक द्वारा अपनी शैक्षिक योग्यतानुसार गणित–विज्ञान अथवा सामाजिक अध्ययन वर्ग का चयन किया जाएगा। आवेदक को दिये गये विकल्पों **MATH/SCIENCE or SOCIAL STUDIES** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।

**यू0टी0ई0टी0 प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण योग्यता का विवरण :**

- **प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति** इस कॉलम में आवेदक को उस एक प्रशिक्षण योग्यता का चयन करना है, जिसके आधार पर वह **यू0टी0ई0टी0 प्रथम परीक्षा** देने हेतु अर्ह है। आवेदक को दिये गये विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- **प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति :** इस कॉलम में आवेदक को प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति (जिसके आधार पर वह **यू0टी0ई0टी0 प्रथम परीक्षा** देने हेतु अर्ह है) में **PASSED** या **IN TRAINING** या **ENROLLED** का चयन **(Select)** करना है। **ENROLLED** का तात्पर्य प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके आवेदकों से है।
- **प्रशिक्षण योग्यता का वर्ष :** इस कॉलम में आवेदक को अपनी प्रशिक्षण योग्यता, जिसके आधार पर वह **यू0टी0ई0टी0 प्रथम परीक्षा** देने हेतु अर्ह है, का उत्तीर्ण/प्रशिक्षणरत/प्रवेश लेने का वर्ष अंकित करना है। प्रशिक्षण में प्रवेशित एवं प्रशिक्षणरत अभ्यर्थी प्रशिक्षण में प्रवेश लेने का वर्ष अंकित करेंगे।

**यू0टी0ई0टी0 द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता का विवरण :**

- **प्राप्त की गयी प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति** इस कॉलम में आवेदक को उस एक प्रशिक्षण योग्यता का चयन करना है, जिसके आधार पर वह **यू0टी0ई0टी0 द्वितीय परीक्षा** देने हेतु अर्ह है। आवेदक को दिये गये विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- **प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति :** इस कॉलम में आवेदक को प्रशिक्षण योग्यता की स्थिति (जिसके आधार पर वह **यू0टी0ई0टी0 द्वितीय परीक्षा** देने हेतु अर्ह है) में **PASSED** या **IN TRAINING** या **ENROLLED** का चयन **(Select)** करना है। **ENROLLED** का तात्पर्य प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके आवेदकों से है।
- **प्रशिक्षण योग्यता का वर्ष :** इस कॉलम में आवेदक को अपनी प्रशिक्षण योग्यता, जिसके आधार पर वह **यू0टी0ई0टी0 द्वितीय परीक्षा** देने हेतु अर्ह है, का उत्तीर्ण/प्रशिक्षणरत/प्रवेश लेने होने का वर्ष अंकित करना है। प्रशिक्षण में प्रवेशित एवं प्रशिक्षणरत अभ्यर्थी प्रशिक्षण में प्रवेश लेने का वर्ष अंकित करेंगे।
- **UTET प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता :** इस कॉलम में आवेदक को यू0टी0ई0टी0 प्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपनी अर्हता को अंकित करना होगा। आवेदक को दिये गये विकल्पों में से अपनी अर्हतानुसार किसी एक विकल्प (कोड) का चयन **(Select)** करना होगा। **अर्हता कोड चयन करने से पूर्व Click for Eligibility Code पर Click कर अपनी शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता के अनुसार निर्धारित कोड का निर्धारण कर लें।** आवेदक द्वारा एक बार अर्हता कोड की अंकना कर देने के बाद भविष्य में किसी भी प्रकार के परिवर्तन हेतु विचार नहीं किया जायेगा। **(अर्हता कोड का चयन परिशिष्ट : दो के अनुसार करें)**
- **UTET द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता :** इस कॉलम में आवेदक को यू0टी0ई0टी0 द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपनी अर्हता को अंकित करना होगा। आवेदक को दिये गये विकल्पों में से अपनी अर्हतानुसार किसी एक विकल्प (कोड) का चयन **(Select)** करना होगा। **अर्हता कोड चयन करने से पूर्व Click for Eligibility Code पर Click कर अपनी शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता के अनुसार निर्धारित कोड का निर्धारण कर लें।** आवेदक द्वारा एक बार अर्हता कोड की अंकना कर देने के बाद भविष्य में किसी भी प्रकार के परिवर्तन हेतु विचार नहीं किया जायेगा। **(अर्हता कोड का चयन परिशिष्ट : दो के अनुसार करें)**

यदि कोई आवेदक दोनों परीक्षाओं {UTET I & UTET II (BOTH)} में सम्मिलित हो रहा हो तो दोनों परीक्षाओं के लिये अर्हता अलग–अलग अंकित करनी होगी।

उक्तवत अर्हता कोड भरने से पूर्व अभ्यर्थी *"उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2025 : सूचना विवरणिका"* का अध्ययन कर लें एवं तद्नुसार ही अर्हता विवरण अंकित करें। अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वह उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम/द्वितीय **(UTET-I /II) 2025** हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें, क्योंकि इस विवरण के आधार पर **UTET 2025** में सम्मिलित होने की अनुमति दी जा रही है। त्रुटिपूर्ण अर्हता अंकित करने पर अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा और ऐसी स्थिति में उसका अभ्यर्थन/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जायेगा और उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। ऐसी स्थिति में परीक्षा में सफल होने के बावजूद उसके टी0ई0टी0 प्रमाण–पत्र की वैधता शून्य होगी।

- परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रथम वांछित शहर : इस कॉलम में आवेदक जिस परीक्षा शहर से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है उस परीक्षा शहर का चयन करें। आवेदक को दिये गये 29 परीक्षा शहरों के विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा। परीक्षा शहर सावधानी से चयन करें, एक बार चयनित कर लिये गये परीक्षा शहर में परिवर्तन की अनुमति किसी भी दशा में प्रदान नहीं की जायेगी।
- परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु द्वितीय वांछित शहर : इस कॉलम में आवेदक प्रथम परीक्षा शहर से भिन्न दूसरे परीक्षा शहर का चयन करें। अभ्यर्थी को दिये गये 29 परीक्षा शहरों के विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- पत्र व्यवहार का पता : इस कॉलम में आवेदक को अपने पत्र व्यवहार का पूरा पता अंकित करना होगा।
- प्रदेश : इस कॉलम में आवेदक अपने पत्र व्यवहार के पते के प्रदेश (राज्य) के नाम का चयन **(Select)** करेगा।
- जनपद : इस कॉलम में आवेदक अपने पत्र व्यवहार के पते के जनपद (जिले) के नाम का चयन **(Select)** करेगा।
- पिन कोड नम्बर : इस कॉलम में आवेदक को अपने पत्र व्यवहार का **पिनकोड नम्बर** अंकित करना होगा।
- अभ्यर्थी का पहचान पत्र : इस कॉलम में आवेदक द्वारा फोटो पहचान पत्र हेतु वर्णित विकल्पों **(AADHAR CARD, PAN CARD, VOTER ID, PASSPORT, DRIVING LICENCE)** में से किसी एक का चयन **(Select)** किया जायेगा। वर्णित फोटो पहचान पत्र को परीक्षा के समय या किसी भी समय मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा
- पहचान पत्र संख्या : इस कॉलम में आवेदक को चयनित पहचान पत्र की संख्या अंकित करनी होगी।

उक्तवत सूचना अंकित करने के उपरांत आवेदक **Save & Next →** को क्लिक कर अगले चरण में प्रवेश करेगा।

**3.** आवेदक द्वारा फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान अपलोड करना **(Step :2, Upload Photo)** –

- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरने के बाद इस चरण **(2. Upload Photo)** पेज निम्नवत खुलेगा–




आवेदक अपनी फोटो, हस्ताक्षर एवं बायें हाथ के अंगूठे का निशान अपलोड करेगा।

- फोटो हेतु निर्धारित बॉक्स में आवेदक द्वारा अपनी **नवीनतम स्पष्ट फोटो** अपलोड की जायेगी। इसके लिए आवेदक कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपनी एक फोटो की फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज 05 से 100 के0बी0 **(jpg FORMAT)** व आवश्यक आकार **)Pixel) : Width : 140, Height : 170** हो (इससे कम/अधिक साइज एवं अन्य फॉरमेट का फोटो अपलोड नहीं होगा)। **Choose File** बटन के माध्यम से फोटो का चयन करें तथा उसे अपलोड करें।

- **हस्ताक्षर हेतु निर्धारित बॉक्स** में आवेदक द्वारा अपने **स्पष्ट हस्ताक्षर** अपलोड किये जायेंगे। इसके लिए आवेदक कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपने हस्ताक्षर की एक फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज 02 से 50 के0बी0 **(jpg FORMAT)** व आवश्यक आकार **)Pixel) : Width : 180, Height : 70** हो (इससे अधिक साइज एवं अन्य फॉरमेट का हस्ताक्षर अपलोड नहीं होगा)। **Choose File** बटन के माध्यम से हस्ताक्षर का चयन करें तथा उसे अपलोड करें।
- **अंगूठा निशान हेतु निर्धारित बॉक्स** में आवेदक द्वारा अपने बायें हाथ के **अंगूठे का निशान** अपलोड किया जाएगा। इसके लिए आवेदक कम्प्यूटर पर स्कैन कर अपने अंगूठा निशान की एक फाइल तैयार कर लें, जिसका साइज 10 से 150 के0बी0 **(jpg FORMAT)** व आवश्यक आकार **)Pixel) : Width : 250, Height : 150** हो (इससे अधिक साइज एवं अन्य फॉरमेट का अंगूठा निशान अपलोड नहीं होगा)। **Choose File** बटन के माध्यम से अंगूठे का निशान चयन करें तथा उसे अपलोड करें।

उक्तवत फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के उपरांत आवेदक **Save & Next →** को क्लिक कर अगले चरण में प्रवेश करेगा।


**Note–** फोटो/हस्ताक्षर/अंगूठा निशान अपलोड करने हेतु **screen** पर दिये गये **online tool to create Photo/Signature/Thumb** पर क्लिक कर **choose file** पर क्लिक कर संबंधित फाइल **select** करें, तदुपरान्त कम्प्यूटर माउस से **scroll down** कर **crop photo** का प्रयोग कर दाहिनी ओर बने बॉक्स में प्रदर्शित फोटो को **download** कर **Photo upload** की जा सकती है।

4. **आवेदन पत्र एवं अपलोड फोटो/हस्ताक्षर में संशोधन करना (Step :3) –**

- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन पत्र भरने के बाद इस चरण **(3. Preview)** में जो पेज खुलेगा उसमें आपके द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी समस्त सूचनाएं (अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर सहित) आपके अवलोकन हेतु निम्नवत उपलब्ध होंगीं।




- इस चरण में आवेदक अपने आवेदन पत्र में भरी गयी सूचनाओं/विवरण, फोटो, हस्ताक्षर आदि की जॉच कर सकेंगे। कोई त्रुटि पाये जाने पर वांछित सुधार कर सकते हैं।



**घोषणा**

मै **XYZ** पुत्र/पुत्री श्री **ABC** शपथपर्वूक घोषणा करता/करती हूँ कि -

1. मैंने "उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2025: सूचना विवरणिका" में अंकित अर्हताओं एवं दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लिया है। मैं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित समस्त अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ।
2. मुझे "उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2025" हेतु जारी समस्त दिशा-निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।
3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त प्रविष्टियाँ मेरे मूल अभिलेखों पर आधारित हैं तथा मेरे संज्ञान में सही एवं सत्य हैं। मैंने कोई भी तथ्य नहीं छुपाया है। यदि परीक्षा के पूर्व अथवा बाद में जांच उपरान्त मेरे द्वारा दी गयी कोई भी सूचना असत्य अथवा त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् को मेरा अभ्यर्थन एवं परीक्षाफल निरस्त करने तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
4. आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित सभी मूल अभिलेख / दस्तावेज (प्रमाण / अंक पत्र) आवेदन की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध हैं। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाये जाने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
5. निर्धारित तिथि तक नियत शुल्क जमा करने पर ही मेरा आवेदन उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (UTET) 2025 हेतु विचारणीय होगा।
6. मैं इस तथ्य से भली-भांति अवगत हूँ कि अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी का नियुक्ति/चयन हेतु दावा/अधिकार नहीं होता है। यह परीक्षा नियुक्ति/चयन हेतु निर्धारित अर्हताओं में से मात्र एक अनिवार्य अर्हता है। **शिक्षकों की नियुक्ति/चयन राज्य सरकार की संगत अध्यापक सेवा नियमावली तथा समय-समय पर जारी नियम/निर्देश के अन्तर्गत ही किया जाता है।**
7. मुझे पूर्व में किसी भी केन्द्रीय या राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) से प्रतिबंधित (Debar) नहीं किया गया है।

☐ Please Agree with Terms & Conditions


यदि आवश्यक हो तो **← Previous** में क्लिक कर विवरण सही अंकित करने के उपरांत आवेदक पेज के अंत में **☐ Please Agree with Terms & Conditions** में क्लिक कर **Save & Next →** को क्लिक कर अगले चरण में प्रवेश करेगा।

- **इस प्रक्रिया के बाद आवेदक द्वारा भरी गयी किसी सूचना में परिवर्तन संभव नहीं होगा।**

आवेदन की उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् ही आवेदन शुल्क जमा करने हेतु **Step- 4** का प्रयोग करें।


5. आवेदन फीस का भुगतान करना (**Step :4**) –

- ऑनलाइन इस चरण **(4. Payment)** में जो पेज खुलेगा उसमें आपके आवेदन के अनुसार परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु निम्नवत सूचना (आवेदन शुल्क की धनराशि सहित) प्रदर्शित होगी –




- आवेदक  में क्लिक करेंगे

- निम्नवत पेज खुलेगा जिसमें आवेदक अपनी सुविधा के विकल्प के अनुसार निर्धारित आवेदन फीस (परीक्षा शुल्क) का भुगतान करेंगे।




- आवेदन शुल्क जमा करने सम्बन्धी दिशा निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।
- आवेदक द्वारा निर्धारित तिथि तक ही शुल्क जमा किया जा सकेगा, निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने पर अभ्यर्थन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा।
- आवेदन शुल्क केवल पेज पर प्रदर्शित भुगतान के विकल्पों **Internet banking/ Debit/Credit cards/ UPI Payment** के माध्यम से ही जमा किया जा सकता है, अन्य किसी माध्यम से शुल्क जमा नहीं किया जा सकेगा।
- **शुल्क का भुगतान पूर्ण सावधानी एवं सजगता से करें। एक से अधिक बार शुल्क जमा होने के लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा, किसी भी दशा में जमा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।**

4. आवेदन पत्र पूर्ण कर आवेदन का प्रिंट आउट लेना (**Step :5**) –

- आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात वेबसाइट पर दिये गये **Print Application for U-TET 2025** पर क्लिक करें।
- पेज पर आवेदक का आवेदन पत्र प्रदर्शित होगा।
- आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट निकालकर अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।
- इस प्रकार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

आवेदक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय भरे गये विवरण, ऑनलाइन फीस पेमेंट रसीद का प्रिन्ट आउट तथा पूर्ण आवेदन का प्रिन्ट आउट अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें। इनकी आवश्यकता इस प्रक्रिया के अगले चरणों में पड़ेगी।

## परिशिष्ट : एक

### उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु रजिस्ट्रेशन पत्र का प्रारूप

**(आवेदक ऑनलाइन आवेदन को सावधानीपूर्वक भरें. एक बार सेव (Save) होने के उपरान्त कोई भी प्रविष्टि परिषद् की पूर्व अनुमति के बिना परिवर्तित नहीं होगी।)**

आवेदन पत्र आवेदक (अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी) द्वारा स्वयं सही–सही भरा जाय। नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार भरी जाय। किसी भी नाम के आगे Km./Mr./Mrs/Shri/Smt./Dr. आदि अंकित न करें। आवेदन पत्र में दिये गये सभी बॉक्सों में सभी प्रविष्टियों को पूरित किया जाना अनिवार्य है। सभी बॉक्सों मे प्रविष्टियाँ अंग्रेजी भाषा के कैपिटल लैटर्स में तथा संख्यात्मक प्रविष्टियाँ अन्तर्राष्ट्रीय अंक पद्धति (1, 2, 3, 4..) में अंकित की जानी हैं। रजिस्ट्रेशन के पश्चात् निर्धारित शुल्क एवं बैंक द्वारा प्राप्त ट्रांजेक्शन आई0डी0 के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त ही शिक्षक पात्रता परीक्षा 2025 हेतु आवेदन मान्य होगा। समस्त प्रविष्टियों की अंकना अनिवार्यतः की जायेगी।

| | |
|---|---|
| **Applied Exam** (आवेदित परीक्षा) | • **UTET-I**<br>• **UTET-II**<br>• **Both (UTET- I & II)** |
| **Applicant's Name** (अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम) | |
| **Mobile No.** (मोबाइल नं) | |
| **Email ID** (ई–मेल आई0डी0) | |
| **Gender** (लिंग) | • **MALE**<br>• **FEMALE**<br>• **TRANSGENDER** |
| **Date of Birth** (जन्मतिथि( **(DD/MM/YYYY)** | |
| **Father's Name** (पिता का नाम) | |
| **Mother's Name** (माता का नाम) | |
| **Husband Name** (पति का नाम) | |
| **Home District** (गृह जनपद) | |
| **Category** (वर्ग) | • **GENERAL**<br>• **OBC**<br>• **SC**<br>• **ST** |
| **Sub Category** (उपवर्ग) | • **DFF- DEPENDENT OF FREEDOM FIGHTER**<br>• **EX- SERVICEMAN (Self)**<br>• **NONE** |
| **PH** (दिव्यांग) | • **YES**<br>• **NO** |
| दिव्यांगता का प्रकार; | • **VISUALLY IMPAIRED** (दृष्टि बाधित)<br>• **HEARING IMPAIRED** श्रवण बाधित<br>• **LOCOMOTOR** (चलन बाधित)<br>• **OTHER** (अन्य) |
| श्रुतलेखक की आवश्यकता | • **YES**<br>• **NO** |
| **First Language** (प्रथम भाषा) | **HINDI /ENGLISH** |
| **Second Language** (द्वितीय भाषा) | • **HINDI/ENGLISH**<br>• **URDU**<br>• **SANSKRIT** |
| **Subject Code for UTET II** (यू0टी0ई0टी0 द्वितीय हेतु विषय कोड) | • **MATHS/SCIENCE**<br>• **SOCIAL STUDIES** |

| | |
|---|---|
| Training Eliligibility for **UTET I & Code** (यू0टी0ई0टी0 प्रथम हेतु प्रशिक्षण अर्हता एवं कोड **(BTC/DElEd/BElEd/DEd(Sp.Edu.)** | |
| **Training Status** (प्रशिक्षण की स्थिति) | • **PASSED**<br>• **IN TRAINING**<br>• **ENROLLED** |
| **Training Year** (प्रशिक्षण वर्ष) | |
| Training Eliligibility for **UTET II & Code** (यू0टी0ई0टी0 द्वितीय हेतु प्रशिक्षण अर्हता एवं कोड)<br>{**BTC/DElEd/BElEd/ BEd/B.AEd/B.ScEd/BA/BScEd/ LT/ ShikshaShastri/BEd(Sp.Edu.)**} | |
| **Training Status** (प्रशिक्षण की स्थिति) | • **PASSED**<br>• **IN TRAINING**<br>• **ENROLLED** |
| **Training Year** (प्रशिक्षण वर्ष) | |
| **Training Eligibility Code for UTET - I** (यू0टी0ई0टी0 प्रथम हेतु प्रशिक्षण अर्हता कोड)<br>(परिशिष्ट : दो के अनुसार भरें) | • 1<br>• 2<br>• 3<br>• 4<br>• 5<br>• 6 |
| **Training Eligibility Code for UTET – II** (यू0टी0ई0टी0 द्वितीय हेतु प्रशिक्षण अर्हता कोड)<br>(परिशिष्ट : दो के अनुसार भरें) | • 1<br>• 2<br>• 3<br>• 4<br>• 5<br>• 6<br>• 7 |
| **Exam City 1st Choice**(परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु वांछित प्रथम शहर ) | |
| **Exam City 2nd Choice** (परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु वांछित द्वितीय शहर) | |
| **Complete Mailing Address** (पत्र व्यवहार का पूर्ण पता) | |
| **State** (प्रदेश) | |
| **District** (जनपद) | |
| **PIN Code** (पिन कोड) | |
| **Identity Proof** (पहचान पत्र का प्रकार)<br>**AADHAR CARD / PAN CARD/ VOTER ID/PASSPORT/ DRIVING LICENCE)** | |
| **Identity Proof No.** (पहचान पत्र संख्या) | |

- अपनी फोटो अपलोड करें *–  **Browse File......**

- अपने हस्ताक्षर अपलोड करें *– **Browse File......**

- अपना अंगूठा निशान अपलोड करें *– **Browse File......**

## : घोषणा :

मैं.....................................................................पुत्र/पुत्री श्री....................................................शपथपर्वूक घोषणा करता/करती हूँ कि –

1. मैंने ''**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2025 : सूचना विवरणिका''** में अंकित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लिया है। **मैं परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित समस्त अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ।**
2. मुझे ''**उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2025 हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्ते मान्य हैं।**
3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त प्रविष्टियाँ मेरे मूल अभिलेखों पर आधारित हैं तथा मेरे संज्ञान में सही एवं सत्य हैं। मैंने कोई भी तथ्य नहीं छुपाया है। यदि परीक्षा के पूर्व अथवा बाद में जांचोपरान्त मेरे द्वारा दी गयी कोई भी सूचना असत्य अथवा त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् को **मेरा अभ्यर्थन एवं परीक्षाफल निरस्त करने तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।**
4. आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित सभी मूल अभिलेख/दस्तावेज (प्रमाण/अंक पत्र) आवेदन की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध हैं। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाये जाने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।
5. निर्धारित तिथि तक नियत शुल्क जमा करने पर ही मेरा आवेदन उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (**UTET**) **2025** हेतु विचारणीय होगा।
6. मैं इस तथ्य से भली–भाँति अवगत हूँ कि अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी का नियुक्ति/चयन हेतु दावा/अधिकार नहीं होता है। यह परीक्षा नियुक्ति/चयन हेतु निर्धारित अर्हताओं में से मात्र एक अनिवार्य अर्हता है। **शिक्षकों की नियुक्ति/चयन राज्य सरकार की संगत अध्यापक सेवा नियमावली तथा समय–समय पर जारी नियम/निर्देश के अन्तर्गत ही किया जाता है।**
7. मुझे पूर्व में किसी भी केन्द्रीय या राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) से प्रतिबंधित (Debar) नहीं किया गया है।

## परिशिष्ट : दो

## न्यूनतम शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता कोड

**1.1 यू0टी0ई0टी0 प्रथम 2025 के लिये** अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता के अनुसार निम्नवत किसी एक अर्हता का चयन करेगा –

| | शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता **UTET - I** | कोड |
|---|---|---|
| **(i)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (B.T.C./D.El.Ed.) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Senior Secondary (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of 2- year Diploma in Elementary Education (B.T.C./D.El.Ed. | **1** |
| **(ii)** | न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (B.T.C./D.El.Ed.), जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानक और क्रियाविधि) विनियम, 2002 के अनुसार हो, में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण। **<br>Senior Secondary (or its equivalent) with at least 45% marks and passed or in training or enrolled of 2- year Diploma in Elementary Education (B.T.C./D.El.Ed.), in accordance with the NCTE (Recognition Norms and Procedure), Regulations, 2002.** | **2**** |
| **(iii)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं चार वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षाशास्त्र स्नातक (B.El.Ed.) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Senior Secondary (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of 4- year Bachelor of Elementary Education (B.El.Ed.). | **3** |
| **(iv)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समक्ष) एवं शिक्षाशास्त्र (विशेष शिक्षा) में द्विवर्षीय डिप्लोमा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Senior Secondary (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of 2- year Diploma in Education (Special Education). | **4** |
| **(v)** | स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) तथा प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (B.T.C./D.El.Ed.) के अन्तिम वर्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Graduation (or its equivalent) and passed or in training or enrolled of two year Diploma in Elementary Education (B.T.C./D.El.Ed.) | **5** |
| **(vi)** | शिक्षामित्र, राज्य सरकार द्वारा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) से द्विवर्षीय (D.El.Ed.) प्रशिक्षण उत्तीर्ण।<br>Shiksha Mitra, passed Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) from IGNOU. | **6** |

*** इस अर्हता को भरने से पूर्व परिशिष्ट : तीन (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के मानक) पर दिये गये मानकों का अध्ययन करें।*

यदि किसी आवेदक के पास उक्त में से कोई भी अर्हता नहीं है तो वह अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम (UTET-I) 2025 हेतु आवेदन करने के लिये अर्ह नहीं होगा। अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि वह उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम (UTET-I) 2025 हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होगा।

(The candidate not having any of the above qualifications shall not be eligible for appearing in Uttarakhand Teacher Eligibility Test- I (UTET-I) 2025. The candidate should satisfy his/her eligibility before applying and shall be personally responsible in case he/she is not eligible to apply as per the given eligibility criteria.)

**1.2. यू0टी0ई0टी0 द्वितीय 2025 के लिये** अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता के अनुसार निम्नवत किसी एक अर्हता का चयन करेगा –

| | **शैक्षिक / प्रशिक्षण अर्हता UTET - II** | **कोड** |
|---|---|---|
| **(i)** | स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) एवं प्रारम्भिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (B.T.C./D.El.Ed.) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Graduation (or its equivalent) and passed or in training or enrolled of 2-Year Diploma in Elementary Education (B.T.C./ D.El.Ed.). | 1 |
| **(ii)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) एवं शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी0एड0 / एल0टी0 / शिक्षा शास्त्री (केवल संस्थागत) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Graduation (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of Bachelor in Education (B.Ed/L.T./Shiksha Shastri (Regular). | 2 |
| **(iii)** | न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) एवं शिक्षा शास्त्र में स्नातक (B. Ed./L.T./Shiksha Shastri (Regular), जो इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड और क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार हों, में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।**<br>Graduation (or its equivalent) with at least 45% marks and passed or in training or enrolled of Bachelor in Education (B.Ed/L.T./Shiksha Shastri (Regular)), in accordance with the NCTE (Recognition Norms and Procedure) Regulations issued from time to time in this regard.** | 3** |
| **(iv)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं चार वर्षीय प्रारम्भिक शिक्षाशास्त्र स्नातक (B.El.Ed.)में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Senior Secondary (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of 4- year Bachelor of Elementary Education (B.El.Ed). | 4 |
| **(v)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं चार वर्षीय B.A./B.Sc.Ed. या B.A. Ed./B.Sc.Ed. में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Senior Secondary (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of 4- year B.A/B.Sc.Ed or B.A.Ed/B.Sc.Ed. | 5 |
| **(vi)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) तथा B.Ed. (विशेष शिक्षा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण।<br>Graduation (or its equivalent) with at least 50% marks and passed or in training or enrolled of B.Ed. (Special Education). | 6 |
| **(vii)** | न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक या स्नातकोत्तर तथा बी0एड0 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अथवा प्रशिक्षण में प्रवेश ले चुके हों अथवा उत्तीर्ण, परंतु यह कि स्नातक स्तर पर अंकों की न्यूनतम प्रतिशत की शर्त उन पदधारियों के मामले में लागू नहीं होगी, जिन्होंने शिक्षा में स्नातक अथवा प्राथमिक शिक्षा में स्नातक अथवा समतुल्य पाठ्यक्रम में 29 जुलाई 2011 से पहले दाखिला ले लिया था।<br>At least 50% marks either in Graduation or Post-Graduation and passed or in training or enrolled of Bachelor in Education (B.Ed)). Provided that minimum percentage of marks in Graduation shall not be applicable to those incumbents who had already taken admission to the Bachelor of Education or Bachelor of Elementary Education or equivalent course prior to the 29th July 2011. | 7 |

*** इस अर्हता को भरने से पूर्व परिशिष्ट : तीन (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के मानक) पर दिये गये मानकों का अध्ययन करें।*

यदि किसी आवेदक के पास उक्त में से कोई भी अर्हता नहीं है तो वह अध्यापक पात्रता परीक्षा द्वितीय (UTET-II) 2025 हेतु आवेदन करने के लिये अर्ह नहीं होगा। अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि वह उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा द्वितीय (UTET-II) 2025 हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होगा।
(The candidate not having any of the above qualifications shall not be eligible for appearing in Uttarakhand Teacher Eligibility Test- II (UTET-II) 2025. The candidate should satisfy his/her eligibility before applying and shall be personally responsible in case he/she is not eligible to apply as per the given eligibility criteria.)

## परिशिष्ट : तीन

## यू0टी0ई0टी0 प्रथम के लिये शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता कोड 2 एवं यू0टी0ई0टी0 द्वितीय के लिये शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता कोड 3 के संबंध में – राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के मानक

(D.O. No. 49-10/2011/NCTE/N&S, 16th June, 2011)

Statement indicating various notifications in Gazettes of India laying down entry qualification to D.El.Ed, B.El.Ed and B.Ed. courses

| Date of Notification/ Amendments of Regulations | Elementary Course/D.Ed/D.El.Ed (in Senior Secondary) | B.El.Ed (in Senior Secondary) | B.Ed ( In Bechelor / Master Degree) |
|---|---|---|---|
| Before 24.02.1996 | Minimum marks not defined | Course not designed by NCTE | Minimum marks not defined |
| 24.02.1996 | 50 % at Senior Secondary(+2 level) | Course not designed by NCTE | 45 % at Graduation level |
| 20.03.1999 | Not revised | 50% at Senior Secondary(+2 level), NCTE First time framed Norms for this course | Not revised |
| 27.03.1999 | 50 % at Senior Secondary(+2 level) | Not revised | 45 % at Graduation level |
| 03.09.2001 | 45 % at Senior Secondary(+2 level) | Not revised | 45 % at Graduation level |
| 18.11.2002 | 45 % at Senior Secondary(+2 level) | 50% at Senior Secondary(+2 level) | 45 % at Graduation level |
| 20.07.2006 | Not revised | Not revised | 50 % at Graduation/ Master degree |
| 27.11.2007 (10.12.2007) | 50 % at Senior Secondary(+2 level) | 50% at Senior Secondary(+2 level) | 45 % at Graduation/ Master degree |
| 31.08.2009 | 50 % at Senior Secondary(+2 level) | 50% at Senior Secondary(+2 level) | 50 % at Graduation/ Master degree |

### :: महत्वपूर्ण निर्देश ::

अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम या द्वितीय (UTET-I or UTET-II) 2025 हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होगा।

**(The candidate should satisfy his/her eligibility for UTET-I or UTET-II 2025, before applying and shall be personally responsible in case he/she is not eligible to apply as per the given eligibility criteria.)**

परिशिष्ट : चार

यू0टी0ई0टी0 परीक्षा 2025 : परीक्षा शहरों की सूची

## UTET 2025 : List of Exam City

लिखित परीक्षा का आयोजन राज्य के 29 शहरों में किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शहरों के नाम एवं कोड निम्नवत् हैं–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | परीक्षा शहर का नाम | परीक्षा शहर कोड |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिद्वार (HARIDWAR) | हरिद्वार (HARIDWAR) | **01** |
| | | रूड़की (ROORKEE) | **02** |
| 2 | देहरादून (DEHRADUN) | देहरादून (DEHRADUN) | **03** |
| | | ऋषिकेश (RISHIKESH) | **04** |
| 3 | उत्तरकाशी (UTTARKASHI) | उत्तरकाशी (UTTARKASHI) | **05** |
| | | बड़कोट (BARKOT) | **06** |
| 4 | टिहरी गढ़वाल (TEHRI GWL.) | नई टिहरी (NEW TEHRI) | **07** |
| | | नरेन्द्रनगर (N.NAGAR) | **08** |
| 5 | पौड़ी गढ़वाल (PAURI GWL.) | पौड़ी (PAURI) | **09** |
| | | श्रीनगर (SHRINAGAR) | **10** |
| | | कोटद्वार (KOTDWAR) | **11** |
| 6 | चमोली (CHAMOLI) | गोपेश्वर (GOPESHWAR) | **12** |
| | | कर्णप्रयाग (KARANPRAYAG) | **13** |
| 7 | रुद्रप्रयाग (RUDRAPRAYAG) | रुद्रप्रयाग (RUDRAPRAYAG) | **14** |
| | | अगस्त्यमुनि (AGASTYAMUNI) | **15** |
| 8 | पिथौरागढ़ (PITHORAGARH) | पिथौरागढ़ (PITHORAGARH) | **16** |
| | | बेरीनाग (BERINAG) | **17** |
| | | डीडीहाट (DIDIHAT) | **18** |
| 9 | चम्पावत (CHAMPAWAT) | चम्पावत (CHAMPAWAT) | **19** |
| | | टनकपुर (TANAKPUR) | **20** |
| 10 | अल्मोड़ा (ALMORA) | अल्मोड़ा (ALMORA) | **21** |
| | | रानीखेत (RANIKHET) | **22** |
| 11 | बागेश्वर (BAGESHWAR) | बागेश्वर (BAGESHWAR) | **23** |
| | | गरूड़ (GARUR) | **24** |
| 12 | नैनीताल (NAINITAL) | नैनीताल (NAINITAL) | **25** |
| | | हल्द्वानी (HALDWANI) | **26** |
| | | रामनगर (RAMNAGAR) | **27** |
| 13 | ऊधमसिंह नगर (UDHAM SINGH NAGAR) | रुद्रपुर (RUDRAPUR) | **28** |
| | | काशीपुर (KASHIPUR) | **29** |

परीक्षा केन्द्र हेतु वरीयता के अनुसार दो शहरों के विकल्प दिये जाने आवश्यक हैं। **एक बार परीक्षा केन्द्र आवंटन हो जाने के पश्चात् उसमें किसी भी बदलाव हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।** किसी परीक्षा शहर में 100 से कम आवेदक (परीक्षार्थी) होने की दशा में उस परीक्षा शहर में परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया जाएगा। **ऐसी स्थिति में आवेदक को द्वितीय वरीयता वाले परीक्षा शहर अथवा यथासंभव निकटतम शहर में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा।**

## परिशिष्ट : पॉच

**शासनदेश संख्याः 374(1)/XXX(2)/2019–30(5)/2014 देहरादून, 20 नवम्बर, 2019 के अनुपालन में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक एवं अन्य सुविधा प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में मार्गदर्शी सिद्धान्तः–**

1. परिषद् द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में Benchmark विकलांगता धारित अभ्यर्थी जो Blindness (अंधता) locomotor disability (चलन प्रक्रिया) तथा Cerebral Palsy (मस्तिष्क घात) से ग्रस्त हैं तथा इसके अतिरिक्त वे समस्त अभ्यर्थी जो देश के किसी भी क्षेत्र में अवस्थित **सक्षम स्वास्थ्य प्राधिकारी (मुख्य चिकित्साधिकारी/शल्य चिकित्सक/चिकित्सा अधीक्षक) द्वारा निर्गत परिशिष्ट–5(I) प्रारुप में प्रमाण पत्र धारित करते हैं,** को श्रुतलेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा उक्त का दावा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में करना होगा। **परीक्षा तिथि से 15 दिन पूर्व अभ्यर्थी को परिशिष्ट–5(I) की प्रति, श्रुतलेखक से संबन्धित परिशिष्ट–5 (II) की प्रति एवं श्रुतलेखक की दो फोटो परिषद् कार्यालय में उपलब्ध करानी होंगी।**
2. अभ्यर्थी द्वारा स्वयं श्रुतलेखक की व्यवस्था की जाएगी। **श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता से एक स्तर कम होगी अर्थात इण्टरमीडिएट स्तर की होगी किंतु किसी भी दशा में हाईस्कूल से न्यून नही होगी।**
3. श्रुतलेखक की सुविधायुक्त दिव्यांग अभ्यर्थियों को 20 मिनट प्रति घंटे का क्षतिपूर्ति समय प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दृष्टिहीन/कम दृष्टि वाले उम्मीदवार और अन्य दिव्यांग उम्मीदवार, जिनकी लेखन गति किसी भी कारण से स्थाई रूप से प्रभावित है चाहे वे श्रुतलेखक का उपयोग कर रहे हों अथवा नहीं उन्हें भी परीक्षा के प्रत्येक घण्टे के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
4. दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक दशा में भू–तल के निर्धारित परीक्षा–कक्ष में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**APPENDIX-5(I)**

## Certificate regarding physical limitation in an examinee to write

This is to certify that, I have examined Mr/Ms/Mrs …………………..(name of the candidate with disability), a person with …………….. (nature and percentage of disability as mentioned in the certificate of disability), S/o/D/o …………………….. , a resident of …………………… (Village/District/State) and to state that he/she has physical limitation which hampers his/her writing capabilities owing to his/her disability.

Signature

Chief Medical Officer/Civil Surgeon/Medical Superintendent
Of a Government Health care institution

Name & Designation

Name of Government Hospital/Health care Centre with seal

Place:
Date:

**Note**:

Certificate should be given by a specialist of the relevant stream/disability (eg. Visual impairment- Ophthalmologist, locomotor Disability-Orthopedic specialist/PMR).

**APPENDIX-5(II)**

## Letter of Undertaking for using own Scribe

I ……………………………….., a candidate with ……………………………. (name of the disability), appearing for the ………………………. (name of the examination) bearing Roll No …………………… at ………………………………. (name of centre) in the district ……………………..,……………………. (name of the state). My qualification is ………………. .

I do hereby state that …………………………………..(name of the scribe) will provide the service of scribe/reader/lab assistant for the undersigned for taking the aforesaid examination.

I do hereby undertake that his qualification is …………………… . In case, subsequently it is found that his qualification is not as declared by the undersigned and is beyond my qualification, I shall forfeit my right to the post and claims relating thereto.

(Signature of the candidate with Disability)

Place:
Date:

## परिशिष्ट : छः

### दिव्यांग अभ्यर्थी (PWD) द्वारा भरा जाने वाला घोषणा पत्र
### श्रुतलेखक का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी हेतु घोषणा पत्र
### (स्वयं के श्रुतलेखक/रीडर का उपयोग करने हेतु घोषणा पत्र)

मैं अधोहस्ताक्षरी, श्री/श्रीमती/कुमारी..........................................,..................................................(परीक्षा का नाम) ...............................................अनुक्रमांक....................................परीक्षा केन्द्र......................................................................... उत्तराखण्ड में उपस्थित हो रहे/रही हूँ। मेरी उच्चतम शैक्षिक योग्यता...................................व श्रुतलेखक की उच्चतम शैक्षिक योग्यता..........................................है। हम (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) यह घोषणा करते हैं कि.....................................(श्रुतलेखक का नाम) उपरोक्त परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार हेतु श्रुतलेखक/रीडर की सेवा प्रदान करेगा। हमने (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) इस व्यवस्था के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा प्रदत्त सभी निर्देश ठीक से पढ़ लिए हैं तथा उनका पालन करने का वचन देते हैं। हम यह भी घोषणा करते हैं कि श्रुतलेखक इस परीक्षा का उम्मीदवार नहीं है।

हमें (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) यह भी विदित है कि परीक्षा के दौरान या परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत किसी भी समय यह पता चलने पर कि हम पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करते हैं या हमारे द्वारा दी गई जानकारी गलत/असत्य है या हमारे द्वारा किन्हीं तथ्यों को छुपाया गया है, या कि श्रुतलेखक की योग्यता घोषित योग्यतानुसार नहीं है तो, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) को **मेरा** (उम्मीदवार) **अभ्यर्थन एवं परीक्षाफल निरस्त करने तथा हमारे** (उम्मीदवार व श्रुतलेखक) **विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व हमारा होगा।**

(..................................................) (..................................................)

श्रुतलेखक के हस्ताक्षर व बांये हाथ के अंगूठे का निशान
पहचान पत्र का प्रकार :
उच्चतम शैक्षिक योग्यता :
पत्राचार का पता :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व बांये हाथ के अंगूठे का निशान
अनुक्रमांक :
परीक्षा का नाम :
केन्द्र का नाम :
परीक्षा तिथि :
मोबाइल नं0 :
पत्राचार का पताः

| |
|---|
| श्रुतलेखक का (श्रुतलेखक एवं अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित) नवीनतम फोटो |

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर केन्द्र व्यवस्थापक के हस्ताक्षर

- *परीक्षा के समय आवेदक को अपना दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं श्रुतलेखक/रीडर को अपना पहचान पत्र व उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र मूल रूप में साथ रखना अनिवार्य है।*
- *कृपया घोषणा पत्र के साथ आवेदक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं श्रुतलेखक का पहचान पत्र (फोटो आई0डी0), नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो एवं शैक्षिक दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति परिषद् एवं केन्द्र व्यवस्थापक को जमा करें।*

परिशिष्ट : सात

## उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजन के दौरान पालन की जाने वाली वाली प्रक्रिया :

### 1. परीक्षा के लिये सामान्य निर्देश :–

- परीक्षा कक्ष/हॉल परीक्षा आरंभ होने के 45 मिनट पूर्व खोल दिये जायेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा कक्ष/हॉल खुलने के तत्काल बाद अपना स्थान ग्रहण कर लें ताकि वे परीक्षा के सम्बन्ध में दिये जाने वाले सामान्य निर्देशों को सुन सकें।
- परीक्षा आरम्भ होने के 30 मिनट पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। विलम्ब हेतु अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
- केन्द्र अधीक्षक अथवा सम्बन्धित कक्ष निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई भी अभ्यर्थी तब तक अपनी सीट अथवा परीक्षा कक्ष को नहीं छोड़ेगा, जब तक परीक्षा का पूरा समय समाप्त नहीं हो गया हो। अभ्यर्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका ड्यूटी पर उपस्थित निरीक्षक को सौंपे बिना कक्ष/हॉल से बाहर नहीं जायेगा।
- परीक्षा में बैठने के लिए प्रवेश–पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है। बिना प्रवेश–पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र को भविष्य में रिकार्ड के लिए सुरक्षित रखें। यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश–पत्र बिना फोटो के है अथवा फोटो स्पष्ट नहीं है तो वह परीक्षा केन्द्र पर अपने दो नवीनतम फोटो एवं आधार कार्ड को प्रस्तुत करेगा।
- प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर अपने साथ अपनी पहचान हेतु प्रवेश–पत्र के साथ एक पहचान पत्र (आई0डी0) जो कि उनके द्वारा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट, पैनकार्ड) लाना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल/कक्ष के भीतर प्रवेश–पत्र और काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, **सामान्य कैलकुलेटर, लॉगटेबिल, साइंटिफिक केलकुलेटर, मोबाईल फोन, पेजर डिजिटल घड़ी या किसी अन्य प्रकार की** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (गैजेट), मुद्रित/लिखित सामग्री, कागज के टुकड़े आदि ले जाने की अनुमति नहीं है।
- अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में बिल्कुल शांत रहेंगे। केवल अपने प्रश्नपत्र को ही ध्यान लगा कर हल करेंगे। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के वार्तालाप, इशारे या व्यवधान को दुर्व्यवहार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित तरीकों का प्रयोग करता हुआ अथवा किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देता हुआ पाया गया तो उसका अभ्यर्थन निरस्त करते हुए, उसे अपराध की प्रकृति के अनुरूप स्थाई रूप से अथवा एक निर्दिष्ट अवधि के लिए परीक्षा देने से वंचित कर दिया जाएगा।
- परीक्षा में नकल करने अथवा नकल कराने में सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध **नियमानुसार विधिक** कार्यवाही की जायेगी।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ एक कार्ड बोर्ड अथवा क्लिप बोर्ड लेकर आयें जिस पर कुछ भी नहीं लिखा होना चाहिये ताकि परीक्षा कक्ष/हॉल में उन्हें उपलब्ध करायी गयी मेजों की सतह समतल न होनें की स्थिति में अपने उत्तर अंकित करने में कठिनाई न हो। उन्हें अपने साथ अच्छी गुणवत्ता के काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन लाने चाहिये। इन्हें परिषद् द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
- परीक्षा कक्ष/हॉल में धूम्रपान करना, पान/गुटका चबाना, थूकना सख्त मना है। परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में चाय, कॉफी, शीतल पेय या किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है।
- परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के बचाव/रोकथाम संबंधी भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों/निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा, इस हेतु परिषद् एवं परीक्षा केन्द्र द्वारा प्रसारित निर्देशों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा।

## 2. प्रश्न पुस्तिका (टेस्ट–बुकलेट) तथा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के प्रयोग के लिये निर्देश :–

- परीक्षा प्रारम्भ होने के तीस मिनट पूर्व अभ्यर्थी को एक ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक प्रदान किया जायेगा। जिस पर अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक आदि की अंकना करेंगे। अंकना से पूर्व ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक **की भली–भाँति जाँच कर लें कि वह सही तरह से मुद्रित हो, कटा–फटा, विकृत अथवा त्रुटिपूर्ण मुद्रित न हो, यदि इस प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो तत्काल उसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर दूसरा** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक प्राप्त **कर लें।** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक सावधानी से भरें, **अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को विकृत कर देने की स्थिति में किसी भी दषा में दूसरा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक नहीं दिया जायेगा।**
- परीक्षा प्रारंभ होने के दस मिनट पूर्व अभ्यर्थी को एक सीलबंद प्रश्न–पुस्तिका प्रदान की जायेगी। जिसमें अंकित प्रश्न पुस्तिका सेट यथा A/B/C/D अथवा W/X/Y/Z अथवा कोई अन्य, जो भी प्रश्न–पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर अंकित होगा एवं क्रमांक की अंकना अभ्यर्थी द्वारा अपने ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर की जायेगी। प्रश्न–पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर भी अभ्यर्थी द्वारा अपने अनुक्रमांक आदि की अंकना काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से करनी होगी।
- अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका (टेस्ट–बुकलेट) की सील तभी खोलेंगे, जब कक्ष निरीक्षक द्वारा **पुस्तिका की सील खोलने और प्रश्न पत्र हल करने को निर्देशित किया जायेगा। सील खोलने के तत्काल बाद अभ्यर्थी प्रश्न पुस्तिका की भली–भाँति जाँच कर लें कि उसमें सभी पृष्ठ मुद्रित हों, कोई पेज कटा–फटा, कम, विकृत अथवा त्रुटिपूर्ण मुद्रित न हो, यदि इस प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो तत्काल उसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर उसी सेट/सीरीज (यथा स्थिति** A/B/C/D अथवा W/X/Y/Z **अथवा अन्य में से जो भी पूर्व में परीक्षार्थी को दी गयी थी) की दूसरी प्रश्न–पुस्तिका प्राप्त कर लेंगे।**
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में सभी प्रविष्टियाँ काले/नीले बाल–प्वांइट पेन से की जायेंगी। पेंसिल का प्रयोग किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा। यदि कोई पेंसिल का प्रयोग करता है तो उत्तर पत्रक अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- अभ्यर्थी को उपस्थिति/सत्यापन–पत्रक में उपयुक्त स्थान पर हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान लगाना होगा। हस्ताक्षर उसी प्रकार के होने चाहिये जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र में किये गये हैं।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा में प्रयोग किया जाने वाला ओ0एम0आर0 उत्तर–पत्रक विशेष प्रकार का होता है जिसे ''आप्टिकल स्कैनर'' पर स्कैन किया जाएगा।
- अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने एवं प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट)/भाषा विकल्प/यू0टी0ई0टी0 द्वितीय में विषय (विज्ञान/गणित अथवा सामाजिक अध्ययन) विकल्प के गोले काले न करने की स्थिति में उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुसरण करें।
- अभ्यर्थी द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में अंकित सूचनाओं यथा प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट)/भाषा विकल्प/यू0टी0ई0टी0 द्वितीय में विषय (विज्ञान/गणित अथवा सामाजिक अध्ययन) विकल्प पर किये गये गोले के आधार पर ही उसका मूल्यांकन किया जायेगा एवं इस सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुसरण करें एवं गोलों को पूर्ण सावधानी से भरें।


## 3. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर उत्तर अंकित करने के लिये महत्वपूर्ण निर्देश :–

- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी उत्तर अंकित करने के लिये प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिये केवल एक वृत्ताकृति (गोले) को बाल–प्वाइंट पेन से पूरी तरह गहरा (काला) करना होगा।

• **ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक भरने का**

**सही तरीका** **गलत तरीका**




- उदाहरण के लिये प्रश्न पुस्तिका में आया प्रश्न संख्या 50 इस प्रकार है–

  50. नेपाल की राजधानी है–


  A. काठमांडू

  B. कोलम्बो

  C. दुबई

  D. ढाका

इस प्रश्न का सही उत्तर A काठमांडू है अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक में प्रश्न संख्या 50 ढूंढना होगा तथा प्रश्न संख्या 50 के सम्मुख A को गहरा (काला) करना होगा। सही उत्तर अंकित करने का तरीका निम्नवत है–

50. 


- उक्त अंकित तरीके से भिन्न तरीके से दिया गया उत्तर त्रुटिपूर्ण माना जायेगा और उनका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- एक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही उत्तर (एक ही वृत्त) को गहरा (काला) करें।
- एक बार अंकित उत्तर को बदला नहीं जा सकेगा। अभ्यर्थी उपयुक्त विकल्प (उत्तर) को गहरा (काला) करने से पूर्व उत्तर की सटीकता के विषय में स्वयं को पूर्णतः संतुष्ट कर लें, क्योंकि एक बार अंकित कर लिये गये उत्तर में किस भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा इस प्रकार का कार्य किया जाता है तो उसे त्रुटिपूर्ण मानते हुये सम्बन्धित प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- हल्का अथवा धुंधली तरह से गहरा (काला) किया गया वृत्त मार्किंग की गलत पद्धति माना जायेगा तथा ऑप्टिकल स्केनर द्वारा इसे अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
- यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो उसे प्रश्न के सम्मुख दिये गये वृत्तों में से किसी को भी गहरा (काला) नहीं करना चाहिये।
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को **मोड़ें नहीं** तथा उस पर **कोई अवांछनीय निशान भी न** लगायें।
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की द्वितीय प्रति जो कार्बनलैस है, ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के साथ संलग्न है। **परीक्षार्थी प्रश्नपत्र हल करने के उपरान्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक से द्वितीय प्रति को निर्धारित स्थान से पृथक कर** मूल ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक कक्ष निरीक्षक को सौंप देंगे **तथा द्वितीय प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं। द्वितीय प्रति निकालते समय ध्यान रहे कि मूल ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक क्षतिग्रस्त न हो।**
- मूल्यांकन के समय किसी अभ्यर्थी के ओ0एम0आर0 उत्तर–पत्रक की गैर–उपलब्धता के विषय में किसी विसंगति के मामले में यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी टेस्ट–बुकलेट के साथ उत्तर–पत्रक को भी अपने साथ ले गया है तथा ऐसे मामले में अभ्यर्थी का परिणाम रद्द किए जाने योग्य होगा।
- ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में किसी भी प्रकार का रफ कार्य न करें। समस्त रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थल पर ही करें।
- **अभ्यर्थी को प्रश्न पुस्तिका साथ में ले जाने की अनुमति है।**

## उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2025
## महत्वपूर्ण सूचना एक दृष्टि में
## IMPORTANT INFORMATION AT A GLANCE FOR UTET I & II – 2025

| | | |
|---|---|---|
| **1** | Online Submission of application through UBSE-UTET website : **www.ukutet.com** | **10.07.2025 to 05.08.2025. Up to 11:59 PM** |
| **2** | Last date for payment of fee through Debit/Credit Card/Net Banking/UPI by the candidate | **07.08.2025 Up to 11:59 PM** |
| **3** | Period for Online Corrections in Certain Particulars | **09.08.2025 to 12.08.2025 (11:59 PM) (No corrections shall be allowed under any circumstances after this date)** |
| **4** | Download Admit Card | **Seven Days before the day of examination From Board's website** |
| **5** | Proposed Date of Examination | **27 September 2025 (Saturday)** |
| **6** | Centre of Examination | **As indicated on the Admit Card** |
| **7** | Material to be brought on the day of examination | **Downloaded Admit Card and ID Proof (any of the following documents such as Aadhar card/ Driving Licence/ Voter ID/Passport/ PAN Card.** |
| **8** | Rough Work | **All rough work should be done in the Test Booklet only. The candidate should NOT do any rough work or put stray mark on the Answer Sheet.** |

## उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2025 : समय सारणी
## TIME SCHEDULE : UTET I & II 2025

| **Particulars** | UTET - I | UTET - II |
|---|---|---|
| **PROPOSED DATE OF EXAMINATION** | **27 September 2025 (Saturday)** | |
| a. Entry in the Examination Hall | 9:00 AM | 01:00 PM |
| b. Checking of Admit Cards | 09:00 AM to 09:30 AM | 01:00 PM to 01:30 PM |
| c. Distribution of OMR Answer Sheet | 09:30 AM | 01:30 PM |
| d. Seal of the Test Booklet to be broken | 09:55 AM | 01:55 PM |
| e. Test Commences | 10:00 AM | 02:00 PM |
| f. Last Entry in the Examination Hall | 10:30 AM | 02:30 PM |
| g. Test Concludes | 12:30 Noon | 04:30 PM |

**DSSSB , KVS, CTET, EMRS, NVS , BPSC , RPSC , UPTET , AEES , AWES , CHANDIGRAH , ALL STATE TETs EXAM & Other Departments Related NTT PRT TGT & PGT सभी Teaching Jobs और Others Non-Teaching Govt. Jobs की Updates & FREE NOTES प्राप्त कर सकते हैं .** Follow us on social media -


**FOR ALL TEACHING EXAM UPDATES & PDF - https://t.me/Teachingexam**

**FOR KVS NVS EMRS UPDATE & FREE NOTES - https://t.me/forKVSexam**

**CTET & All STATE TET EXAM- https://t.me/CTETEXAM2024PREPARATION**

**JOIN WHATSAPP CHANNEL FOR EVERY UPDATE LINK - https://whatsapp.com/channel/0029Va8gvx7Fy72BDgJYIf1V**

**CLICK HERE TO JOIN FOR FREE NOTES & PDF -**




**FOR - ALL TEACHING EXAM** **CTET & STATE TETs**

**FOR - NVS** **EMRS** **KVS**

**DSSSB PREVIOUS YEAR PAPER - CLICK HERE**

**DSSSB , KVS, CTET, EMRS, NVS , BPSC , RPSC , UPTET , AEES , AWES , CHANDIGRAH , ALL STATE TETs EXAM & Other Departments Related NTT PRT TGT & PGT सभी Teaching Jobs और Others Non-Teaching Govt. Jobs की Updates प्राप्त कर सकते हैं . JOIN for FREE NOTES & PDF.**

**JOIN WHATSAPP CHANNEL - CLICK HERE**